आईटीएम में मीर पर हुआ इबारत-18 का आगाज

आज प्रोफेसर वसीम बरेलवी, खुशबीर सिंह, नुसरत मेहदी एवं पूजा भाटिया करेंगी रचना पाठ

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 12 फरवरी। आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर द्वारा उर्दू कविता का वार्षिक प्रतिष्ठित आयोजन 'इबारात-18' का आगाज 'उर्दू के महान कवि मीर तकी मीर' पर केंद्रित' 'पर मुझे गुफ्तगू आवाम से है' और 'मीर की प्रासंगिकता' विषय पर विद्वत विमर्श के साथ किया गया। संस्थान के तुरारी परिसर स्थित उस्ताद अलाउद्दीन खान सभागार में आयोजित विद्वत विमर्श में पद्मश्री अलंकृत शीन काफनिजाम और प्रो. शाफे किदवई मुख्य विद्वत वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर आईटीएम के फाउंडर चांसलर रमाशंकर सिंह, चांसलर रुचि सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रो. योगेश उपाध्याय, रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार, अनिल माथुर, डीन अकेडमिक डॉ. रंजीत सिंह तोमर, डीन एसओईटी मुकेश कुमार पांडे, चीफ प्रोक्टर केशव कंसाना, डीन स्टूडेंट वेलफेयर तृप्ति पाठक सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, छात्र-छात्राएं और ग्वालियर शहर से आए बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन संचालन मशहूर शायर मदन मोहन 'दानिश' द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन अभिषेक त्रिपाठी एवं अतिथि परिचय डॉ. मनीक्ष जैसल द्वारा किया गया।

वक्ता प्रो. शाफे किदवई ने 'मीर की प्रासंगिकता' विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि मीर तकी मीर की शायरी आज भी मानवीय संवेदनाओं, प्रेम, पीड़ा और सामाजिक यथार्थ की सशक्त अभिव्यक्ति के कारण अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने बताया कि मीर की भाषा सरल होने के बावजूद गहरी भावनात्मक परतों से भरी हुई है, जो हर दौर के पाठकों और श्रोताओं को अपने अनुभवों से जोड़ती है। उन्होंने यह भी कहा कि बड़ा शायर वही होता है जो अपने समय के हादसों और समाज की विडंबनाओं को अभिव्यक्ति देता है।

पद्मश्री अलंकृत शीन काफ निजाम ने 'पर मुझे गुफ्तगू अवाम से है' विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि मीर को 'खुदाई सुखन' कहा गया है, अर्थात वे शायरी के ऐसे शायर हैं जिनकी रचनाओं में मानवीय अनुभवों की गहराई और सच्चाई दिखाई देती है। कार्यक्रम का संयोजन संचालन कर रहे मशहूर शायर मदन मोहन 'दानिश' ने कहा कि मीर की शायरी का सिक्का हर दौर में चलता रहा है। उनकी शैली की विशिष्टता तो यह है कि आप उनके आशिक तो हो सकते हैं, लेकिन अनुग्रह नहीं कर सकते। अंत में आईकेएस की डायरेक्टर समा परवीन ने आभार प्रदर्शन किया।

संस्थान के सिथौली परिसर स्थित नाद मुक्ताकाश में शुक्रवार को आईटीएम द्वारा आयोजित उर्दू कविता का वार्षिक प्रतिष्ठा आयोजन 'इबारत-18' में गजलों से खूबसूरत मंच महकता हुआ नजर आएगा। यह आयोजन दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। जहां स्वामी ओमा द अक्क द्वारा 'इश्क बिन ये अदब नहीं आता' का विवेचन करेंगे। इसके बाद रचनाकार प्रोफेसर वसीम बरेलवी (बरेली), खुशबीर सिंह 'शाद' (जालंधर), डॉ. नुसरत मेहदी (भोपाल), पूजा भाटिया (मुंबई) द्वारा रचना पाठ किया जायेगा।

आईटीएम की तरफ से नि:शुल्क वाहन व्यवस्था: इबारत-18 में उर्दू कविताओं का लुत्फ लेने शहर से पहुंचने वाले श्रोताओं के लिए आईटीएम की ओर से बस की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। जो 13 फरवरी को शहर के चेतकपुरी चौराहे से दोपहर 1 बजे से कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना होगी। कार्यक्रम समाप्ति के बाद श्रोताओं को वापस उसी स्थान पर छोड़ेगी।

ट्रेड यूनियनों की हड़ताल, कई बैंकें रही बन्द

वीरांगना समाधि के सामने प्रदर्शन, नये श्रम कानूनों का विरोध

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 12फरवरी। ट्रेड यूनियन की हड़ताल की वजह से आज जहां शहर की कुछ बैंकों की ब्रांच बन्द रही जबकि कई सरकारी बैंक और अन्य प्रायवेट बैंकों में लोग काम करते हुए दिखाई दिए। कुछ ब्रांच बन्द होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। बैंक के काम से भोपाल से ग्वालियर आये युवराज शर्मा ने बताया कि उन्हें जानकारी ही नहीं थी कि इस तरह की कोई हड़ताल है क्योंकि ज्यादातर बैंक खुले हुए हैं। भोपाल जाने का वापिसी का टिकट भी बनवा लिया था लेकिन दोपहर तक काम नहीं हुआ।

इधर शहर में लक्ष्मीबाई समाधिस्थल के सामने ट्रेड यूनियन के बैनर तले धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बीच में चारों श्रम संहिताओं को निरस्त करने की मांग भी उठाई गयी। इसके अलावा भारत-अमेरिका के बीच किसानों से जुड़ी व्यापारिक डील को खत्म करने की माग भी की गयी है। हड़ताल पर बैठे ट्रेड यूनियनों नेताओं ने कहा कि मनरेगा को समाप्त करना श्रमिकों के साथ अन्याय है। उनका कहना था कि देशभर में श्रमिक हड़ताल पर है। यदि सरकार उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है तो आने वाले दिनों में चरणबद्ध आन्दोलन किया जायेगा। जरूरत पड़ने पर दिल्ली की ओर भी कूच करेंगे।

संगठनों की प्रमुख मांगें चारों श्रम संहिताओं और उनसे जुड़े नियमों को रद्द करना, ड्राफ्ट सीड बिल को वापस लेना, बिजली संशोधन विधेयक को निरस्त करना, न्यूक्लियर एनर्जी से संबंधित कानून को वापस लेना, मनरेगा की बहाली, विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन अधिनियम, 2025 को रद्द करने से संबंधित रहीं।

एक नजर में

सिंधिया का सत्येन्द्र शर्मा ने एयरपोर्ट पर स्वागत किया

ग्वालियर। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा ने एयर पोर्ट पर पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

रक्त अर्पण सेवा समिति को किया सम्मानित

ग्वालियर। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने रक्त अर्पण सेवा समिति ग्वालियर को सम्मानित किया। संत शिरोमणि संत रविदास की 649 वी जयंती के उपलक्ष्य में थॉलसेमिया पीड़ित बच्चों की मदद करने के लिए काम कर रही रक्त अर्पण की टीम को समानित किया गया। इस मौके पर संस्था के संस्थापक निर्मल संतवानी ने बताया कि 2025 का वर्ष हमारी संस्था के कार्यो का ऐतिहासिक वर्ष रहा। ग्वालियर के 3 बच्चे नया जीवनदान पाकर इस भयंकर बीमारी से स्वस्थ हुए हैं।इसके अलावा संस्था ने इस वर्ष 500 से अधिक रक्तदान करवाकर समय समय पर बच्चों को रक्त पहुँचाया। बच्चों के थॉलसेमिया वार्ड में एसी, टीवी, फ्रीज, सर्दी में कम्बलो का वितरण किया गया।

महाकुंभ सा नजारा : ईश्वर खो महादेव की वादियों में गूंजा 'राम नाम

ग्वालियर। चंबल अंचल की पावन धरा पर स्थित प्राचीन ईश्वर खो महादेव मंदिर ग्राम-मवई इन दिनों आस्था के एक नए शिखर को छू रहा है। अवसर है अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक अनमोल के मुखारविंद से आयोजित 'श्रीमद् राम कथा' का। कथा के विशेष 'राम अवतार' प्रसंग के दौरान समूचा क्षेत्र भक्ति के ऐसे उल्लास में डूबा कि नजारा किसी महाकुंभ जैसा प्रतीत होने लगा। जैसे ही कथाव्यास अनमोल ने चौपाई पढ़ी— 'भय प्रगट कृपाला, दीनदयाला, कौसल्या हितकारी', वैसे ही पूरा पंडाल करतल ध्वनि और जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। प्रतीकात्मक रूप से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने झूमते हुए खुशियां मनाईं। महिला श्रद्धालुओं द्वारा गाए गए 'सोहर' और मंगल गीतों ने वातावरण को अयोध्या जैसा दिव्य बना दिया। अनमोल की ओजस्वी वाणी ने मन मोह लिया। कथा के उपरांत विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने 'प्रसादी' ग्रहण की।

सांसद भारत सिंह ने खजुराहो से सवाई माधौपुर रेलवे लाइन की मांग की

ग्वालियर। सांसद भारत सिंह कुशवाह ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर खजुराहो से सवाई माधौपुर तक रेलवे यातायात बहाल करने की मांग की है। उन्होंने रेल मंत्री को पत्र सौंपकर अनुरोध किया है कि खजुराहो से झांसी के लिए तो रेल सुविधा पहले से ही उपलब्ध है, लेकिन इसे यदि करैरा, शिवपुरी, पोहरी, श्योपुर से सवाई माधौपुर तक बढ़ा दिया जाए, तो न सिर्फ यात्रियों की रेल सुविधा में इजाफा होगा, बल्कि 450 किलोमीटर क्षेत्र में पर्यटन सर्किल विकसित होगा, जिसमें मध्यप्रदेश के साथ उत्तरप्रदेश एवं राजस्थान में भी पर्यटन का भी विकास होगा।

रेबीज से जिले में केवल एक मृत्यु की पुष्टि

अन्य मामले बाहरी जिलों के

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 12फरवरी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया है कि हाल ही में मीडिया रिपोर्ट्स में बताई गई रेबीज से मौतों के मामलों में ग्वालियर जिले से केवल एक ही मृत्यु हुई है। शेष दो मृतक दतिया और टीकमगढ़ जिलों के निवासी थे। मृतक की पहचान किरन लालवानी

(48 वर्ष), निवासी श्री कृष्ण कॉलोनी, सिकन्दर कम्पू, ग्वालियर के रूप में हुई है। 3 दिसंबर 2025 को एक आवारा कुत्ते ने मृतका के दाएं पैर की एड़ी में काटा था। परिजनों के अनुसार, कुत्ते के काटने के बाद मृतका को एंटी रेबीज वैक्सीन के डोज नहीं लगवाए गए थे। 31 जनवरी को पैर में दर्द शुरू हुआ और 2 फरवरी को रेबीज के लक्षण स्पष्ट हुए। 4 फरवरी को जयारोग्य चिकित्सालय में उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी।

आर्य समाज मंदिर में विचार गोष्ठी व पुस्तक का विमोचन

ग्वालियर। महर्षि दयानंद सरस्वती ऐसे युग पुरूष थे, जिन्होंने गुरुकुल को बढ़ावा देकर राष्ट्र को आत्मनिर्भर व समरस बनाने में अहम भूमिका निभाई। यह बात पूर्व विधायक प्रवीण पाठक ने महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर आर्य समाज मंदिर मुरार में आयोजित विचार गोष्ठी एवं पुस्तक विमोचन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीवाजी विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद सदस्य डॉ. रवि अंबे ने की। विशिष्ट अतिथि सर्व ब्राह्मण महासंघ के युवा जिलाध्यक्ष कपिल भार्गव थे। शुरुआत में प्रधान रामप्रकाश वर्मा एवं सचिव सुरेंद्र राणा ने महर्षि दयानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया।

रेलवे ने लगाया कैम्प

ग्वालियर। मण्डल कार्मिक अधिकारी झांसी राजेश कुमार शर्मा द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में नवीन पहचान पत्र हेतु एचआरएमएस पर फोटो अपडेट, सिग्नेचर आदि अपडेट करने के लिए दो दिवसीय कैंप का आयोजन कर्मचारी सहायता केंद्र ग्वालियर पर आज आयोजित किया गया। 73 कर्मचारियों के एचआरएमएस में फोटो और सिग्नेचर न होने की दशा में अपलोड करवाए गए। कैम्प में वीएस कंसाना कल्याण निरीक्षक, प्रवीन पचोरी मुख्य कार्यालय अधीक्षक स्टेशन प्रबंधक कार्यालय ग्वालियर, विनोद मीणा कार्यालय अधीक्षक मंडल रेल प्रबंधक कार्मिक कार्यालय उपस्थित रहे।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 04 स्थान सदाशिव नगर में स्थित है जो कि भूरा सिंह कॉमर/ओमप्रकाश कॉमर के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000109840 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 669 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी142602023ए12330194 दिनांक 05/09/2023 से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर पर दिनांक 26/12/2025 को किया गया है. जिसका कार्य क्रमांक 60/2010/73179/73386 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 12-2-2026
आवेदक का नाम/पता
रानी जायसवाल/रामप्रकाश जायसवाल
पता : सदाशिव नगर, ग्वालियर म.प्र.
मो. 8717893113

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे.क्रं. 16 वार्ड क्रं. 41, भवन क्रं. 1133, स्थान: जीवाजीगंज मुख्य मार्ग पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती अजय कुमार सक्सैना / श्री ज्ञानचन्द्र सक्सैना के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000131449 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1180 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. A12252186 दिनांक 11.08.2023 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन मेरे द्वारा ऑनलाईन आज दिनांक 12.02.2026 को किया गया है जिसका आवेदन क्रं. PT- 46781 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
श्रीमती गरिमा जैन / श्री जिनेन्द्र जैन
पता : जीवाजीगंज मुख्य मार्ग, वार्ड-41
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 12-02-2026

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीलम भदौरिया पत्नी श्री सत्येन्द्र सिंह भदौरिया के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भवन सम्पत्ति जो कोटेवाला मौहल्ला ग्वालियर, जिला ग्वालियर में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1088 वर्गफुट है। उक्त भवन सम्पत्ति का नगर पालिक निगम भवन क्र. 13/2370 एवं वार्ड क्र. 13, और नई संपत्ति आई.डी. 9000073398 है जिसकी चतुर्सीमा निम्न प्रकार है- पूर्व में- मकान नारायण सिंह राजपूत, पश्चिम में- रास्ता आम, उत्तर में- रास्ता आम, दक्षिण में- मकान हेम कुमार जैन है। उक्त वर्णित भवन सम्पत्ति को जर्ये ई- रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एम.पी. 21IGR17402025A100509693 दिनांक 23/06/2025 के द्वारा इसके पूर्व स्वामी श्रीमती रामदेवी पत्नी स्व. श्री जगन्नाथ सिंह, श्री लक्ष्मण सिंह एवं श्री भारत सिंह पुत्रगण श्री शिव बहादुर सिंह भदौरिया, श्री शिशुपाल सिहं भदौरिया पुत्र स्व. श्री जगन्नाथ सिंह, श्रीमती सुनीता कंवर पत्नी श्री हरिओंम सिंह पुत्री स्व. श्री जगन्नाथ सिंह और राजेश सिंह भदौरिया एवं शैलेन्द्र सिंह भदौरिया पुत्रगण स्व. श्री बृजेन्द्र सिंह भदौरिया, से क्रय किया था। और श्रीमती नीलम भदौरिया ने क्रय करने के पश्चात नगर पालिक निगम के प्रकरण क्र. 21140/2025X3/11 दिनांक 26/09/2025 में नाम इन्द्राज कराया और समस्त कागजात सरकारी व शासकीय अभिलेखों में स्वामी के रूप में दर्ज है और वर्तमान में श्रीमती नीलम भदौरिया द्वारा भारतीय स्टेट बैंक शाखा आर.ए.सी.पी.सी. ग्वालियर से ऋण सुविधा प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जो विचाराधीन है, अगर बैंक के नियम व उपनियमों के अधीन वर्णित भवन सम्पत्ति, बंधक योग्य पाई जाती है तो बैंक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर विचार कर वर्णित भवन सम्पत्ति को अपने हित में बंधक कर ऋण स्वीकृत किया जावेगा। वर्णित भवन सम्पत्ति पर व इसके असल विक्रय-पत्रों एवं समस्त असल दस्तावेजों पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, कंपनी, वित्तीय संस्था, फर्म, सोसायटी, व्यक्ति विशेष एवं शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग अथवा निकाय का कोई ऋण आदि बकाया हो या कोई हित निहित हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेजी सबूतों के मेरे कार्यालय पर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति करें। अवधि गुजरने के उपरांत वर्णित भवन संपत्ति के संबंध में की गई समस्त आपत्तियां, दावे व कार्यवाहियां मेरी पक्षकार बैंक एवं श्रीमती नीलम भदौरिया के हक के मुताबले अवैध व शून्य समझी जावेंगी। दिनांक - 12.02.2026

प्रेषक- जे.पी. शर्मा (एडवोकेट)
कार्यालय- 5, सोमिल कॉम्प्लेक्स आयकर भवन के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो. 9425338053

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 02 वार्ड क्रमांक 06 स्थान जगनापुरा में स्थित है जो कि रघुवीर सिंह पुत्र नहार सिंह के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1001740145 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 4594 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ... दिनांक 27/12/1986 से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र नौमहला पर दिनांक 12/02/2026 को किया गया है. जिसका कार्य क्रमांक 61/2010/57968/58175 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 12-2-2026
आवेदक का नाम/पता
मान सिंह पाल/रघुवीर सिंह पाल, धनवन्ती बाई/कप्तान सिंह
पता : जगनापुरा, ग्वालियर म.प्र.
मो. 7089129956

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती छाया तोमर पत्नी श्री विनोद तोमर के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की एक अचल संपत्ति जिसका वार्ड क्र. 05, तात्याटोपे वार्ड, लक्ष्मी नगर, ग्राम जौरी एवं तहसील मोरेना नगर व जिला मोरेना के सर्वे क्र. 670/1/1, की होकर जिसकी चतुर्सीमा: - पूर्व में- मकान विशाल, पश्चिम में- रास्ता 15 फुट चौड़ा, उत्तर में- मकान जनक सिंह, दक्षिण में- मकान जगदीश व कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान लेखराम सिंह पुत्र श्री फतेह सिंह एवं श्रीमान शम्भू सिंह पुत्र श्री चिम्मन सिंह द्वारा श्रीमान दामोदर सिंह पुत्र श्री दिमान सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख सरल क्र. 2263, ग्रंथ क्रमांक 3279 व दिनांक 12.07.1990 से विक्रय की गई। तत्पश्चात श्रीमान दामोदर सिंह पुत्र श्री दिमान सिंह द्वारा श्रीमान ब्रजराज सिंह पुत्र श्री सरनाम सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख सरल क्र. 3435, ग्रंथ क्र. 3778 व दिनांक 02.01.1993 से विक्रय की गई थी। जिसमें मेरे पक्षकार द्वारा यह अवगत कराया गया है कि उपरोक्त दोनों विक्रय विलेखों के मूल दस्तावेज गुम हो गए हैं जिस किसी भी सज्जन, व्यक्ति विशेष को मिले नीचे दिए गए पते पर सूचित करें। अतः उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होकर बंधक किए जाना प्रस्तावित है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक- 12.02.2026

प्रेषक- विशाल अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट" ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 15 वार्ड क्रमांक 34 स्थान दुकान नं-30, आर्दश कॉलोनी में स्थित है जो कि काबिज किशोर शर्मा/कुंजबिहारी के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1002908678 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 276 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ... दिनांक ... से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गाँधी मार्केट पर दिनांक 12/02/2026 को किया गया है. जिसका कार्य क्रमांक 70/2010/48384/48370 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 12-2-2026
आवेदक का नाम/पता
किशोर कुमार शर्मा/कुंजबिहारी
पता : दुकानं नं-30, आर्दश कॉलोनी, ग्वालियर म.प्र.
मो. 9425109850

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 34 स्थान दुकान नं-31, आर्दश कॉलोनी में स्थित है जो कि काबिज आभा शर्मा के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1003117674 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 276 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ... दिनांक .... से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गाँधी मार्केट पर दिनांक 12/02/2026 को किया गया है. जिसका कार्य क्रमांक 70/2010/48386/48372 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 12-2-2026
आवेदक का नाम/पता
आभा शर्मा/के.के. शर्मा
पता : दुकान नं-31, आर्दश कॉलोनी, ग्वालियर म.प्र.
मो. 9425109850

NOTICE

NOTICE is hereby given that the certificate for SRF LTD bearing equity share certificates no. 90160554 to 556, 317672 to 677, 466672 to 677, and 22364 and 124854 AND DISTINCTIVE . NO. IS 12142210-359, 16060115 - 243, 24079907 - 80035, 1930726- 775, 5245466 - 490 under folio no. of K0001752 standing in the name of **KAMLA DEVI GUPTA** address of khachcha ram ki gali loha mandi Gwalior has/ have been lost or mislaid and undersigned has / have applied to the company to issue duplicate certificate for the said shares . Any person who has any claim in respect of the said shares should write to our registrar, KFIN TECHNOLOGIES LTD. Selenium tower B plot 31-32 gachibowli financial district Hyderabad – 500032 with in 15 DAYS this date else the company will proceed to issue duplicate certificates.

DATE : 12-02-2026
KAMLA DEVI GUPTA
LOHA MANDI GWALIOR-474003

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 15 वार्ड क्रमांक 34 स्थान दुकान नं-30, आर्दश कॉलोनी में स्थित है जो कि काबिज किशोर शर्मा/कुंजबिहारी के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1002952617 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 227 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ... दिनांक ... से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गाँधी मार्केट पर दिनांक 12/02/2026 को किया गया है. जिसका कार्य क्रमांक 70/2010/48385/48371 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 12-2-2026
आवेदक का नाम/पता
पुष्पा/स्व. मंशाराम, किरन, सेवंती, उर्मिला पुत्रीगण मंशाराम
पता : 1985, जिंसी नाला नं-1, ग्वालियर म.प्र.
मो. 8109691606

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 15 वार्ड क्रमांक 34 स्थान 1985, जिंसी नाला नं-1 में स्थित है जो कि मंशाराम छिगाराम के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000172631 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 200 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड उत्तरधिकार के आधार पर प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गाँधी मार्केट पर दिनांक 12/02/2026 को किया गया है. जिसका कार्य क्रमांक 70/2010/48387/48373 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर स